कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा,स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण,उत्तराखण्ड,देहरादून।
डान्डा लखौण्ड, पो0ओ0–गुजराड़ा, सहस्त्रधारा रोड़, नियर–आई0टी0 पार्क देहरादून।
E-mail-dghealth.uttarakhand@gmail.com, दूरभाष–0135–2608763,फैक्स नं–0135–2608746

सेवा में,

समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
उत्तराखण्ड राज्य।

पत्रांकः– 18प/01/प्रशिक्षण/01/2025/ 9370 दिनांक 17 अप्रैल, 2025

विषय चारधाम यात्रा–2025 के दृष्टिगत यात्रा मार्ग में तैनात पैरामेडिकल व अन्य कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक उत्तराखण्ड राज्य में वित्तीय वर्ष–2025–26 में चारधाम यात्रा–2025 का संचालन किया जाना है, जिसमें चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभागान्तर्गत कार्यरत् चिकित्सा अधिकारियों एवं पैरा–मेडिकल कार्मिकों को यात्रा मार्गों पर तैनात किया जाना है, तैनाती से पूर्व तैनात किये जाने वाले चिकित्सा अधिकारियों एवं पैरा–मेडिकल कार्मिकों को विभागीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।

तदक्रम में अवगत कराना है कि वर्तमान में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभागान्तर्गत कार्यरत् चिकित्सा अधिकारियों को राजकीय दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर के माध्यम से चारधाम यात्रा–2025 के दृष्टिगत महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

अतः चारधाम यात्रा–2025 के दृष्टिगत आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने अधीनस्थ चारधाम यात्रा 2025 में तैनात होने वाले पैरामेडिकल व अन्य कार्मिकों को अपने स्तर से प्रशिक्षित चिकित्साधिकारियों द्वारा नियमानुसार, ससमय प्रशिक्षण प्रदान कराया जाना सुनिश्चित करें एवं कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत करायें।

भवदीय

(एच0सी0एस0 मर्तोलिया)
निदेशक (चिकि0स्वा0)।

पत्रांकः– 18प/01/प्रशिक्षण/01/2025/ 9371 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गढ़वाल मण्डल पौडी/कुमाऊ मण्डल नैनीताल को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु सम्बन्धितों को तत्काल निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. संयुक्त निदेशक (प्रशासन)/स्वास्थ्य/पैरा–मेडिकल, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, देहरादून।

(एच0सी0एस0 मर्तोलिया)
निदेशक (चिकि0स्वा0)।

CamScanner